रजिस्ट्री सं० डी-227

REGISTERED No. D-227

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 23] नई दिल्ली, शनिवार, जून 6, 1970 (ज्येष्ठ 16, 1892)

No. 23] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 6, 1970 (JYAISTHA 16, 1892)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

नोटिस
(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 28 अप्रैल 1970 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 28th April 1970:—

अंक (Issue No.)	संख्या और तिथि (No. and Date)	द्वारा जारी किया गया (Issued by)	विषय (Subject)

———शून्य———

———Nil———

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुँच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची (CONTENTS)

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं ..	511
भाग I—खंड 2—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	629
भाग I—खंड 3—रक्षा मन्त्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	53
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	673
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों सम्बन्धी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	
भाग II—खंड 3—उप-खंड (1)—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	1981
भाग II—खंड 3—उप-खंड (2)—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	2541
भाग II—खंड 4—रक्षा मन्त्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	341
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संलग्न तथा अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	643
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें	217
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	95
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं	363
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें ..	93
पूरक संख्या 23—	
30 मई 1970 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी सम्बन्धी साप्ताहिक रिपोर्ट ..	937
9 मई 1970 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु से सम्बन्धित आंकड़े 5	949

PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	511
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	629
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	53
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	673
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules, (including orders, bye-laws, etc., of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	1981
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	2541
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence	341
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	643
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta	217
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	95
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	363
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	93
SUPPLEMENT No. 23	
Weekly Epidemiological Reports for week ending 30th May 1970	937
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending 9th May 1970	949

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं ।

Notification relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other then the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 29 मई 1970

सं० 19-प्रेज़/70—राष्ट्रपति आंध्र प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री लंका जगन्ना पत्रुदु,
पुलिस निरीक्षक,
सोमपेटा, श्रीकाकुलम जिला,
आंध्र प्रदेश ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

24 मार्च, 1969 की रात्रि को बन्दूकों, देशी बमों, भालों तथा कुल्हाड़ियों से लैस उग्रवादियों के एक गिरोह ने गांव बाथुपुरम में डाका डाला और 40,000 रुपये के मूल्य की सम्पत्ति लूट ली । पुलिस निरीक्षक श्री लंका जगन्ना पत्रुदु डाकुओं को पकड़ने के लिए उस गांव की ओर रवाना हुये हालांकि डाकू पास के पहाड़ों में बच निकले थे । छः दिन तक तलाशी होती रही । 30 मार्च, 1969 को श्री पत्रुदु को सूचना मिली कि डाकू कोपासियाजोड्डी नामक पहाड़ी की चोटी पर छुपे हैं । पुलिस दल प्रातः लगभग 4-00 बजे पहाड़ी की तलहटी में जा पहुंचा । जब पुलिस दल पहाड़ी पर चढ़ रहा था तो डाकुओं में से एक ने उन्हें देखा और उन पर एक देशी बम फेंका । श्री पत्रुदु पुलिस दल का नेतृत्व कर रहे थे । उन्होंने अपना चेहरा बचाने के लिए अपना हाथ ऊपर उठाया किन्तु उनका हाथ गम्भीर चोट के कारण बुरी तरह जख्मी हो गया और उसमें से रक्त की धारा बहने लगी । अपनी चोट की परवाह किये बिना श्री पत्रुदु संक्रिया का संचालन करते रहें, डाकुओं पर गोली चलाई तथा उनमें से एक को पकड़ लिया ।

श्री लंका जगन्ना पत्रुदु ने उदाहरणीय नेतृत्व एवं साहस का परिचय दिया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 31 मार्च, 1969 से दिया जायेगा ।

सं० 20-प्रेज़/70—राष्ट्रपति आंध्र प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री यरगति वीर वैंकट सत्यनारायणमूर्ति,
पुलिस निरीक्षक,
श्री काकुलम जिला,
आंध्र प्रदेश ।

सेवाओ का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

19 मई, 1969 की रात्रि को लगभग 100 उपद्रवियों के एक गिरोह ने बोरीवंका गांव में दो भयंकर हत्याएं की और नकदी, जेवर आदि ले गये । पुलिस को घटना की सूचना मिलने पर श्री सत्यनारायणमूर्ति ने तुरन्त डाकुओं को पकड़ने के लिये धावे का आयोजन किया । 26 मई, 1969 की रात्रि को सूचना मिली कि डाकू पथकोटा की पहाड़ियों में छुपे हैं । श्री सत्यनारायणमूर्ति तुरन्त उस ओर गये और उस क्षेत्र में खोज की किन्तु कोई परिणाम न निकला । 27 मई, 1969 को लगभग 03-00 बजे जब पुलिस दल लौट रहा था तो लगभग 30 व्यक्तियों के एक दल ने जो बन्दूकों, भालों तथा देशी बमों से लैस थे, उन पर आक्रमण कर दिया । पुलिस दल ने डाकुओं से आत्म-समर्पण करने को कहा किन्तु उन्होंने कोई परवाह नहीं की । इसके विपरीत उन्होंने पुलिस दल पर एक बम फेंका । डाकुओं ने पुलिस दल पर गोली भी चलाई तथा उन्हें घेरने के लिए आगे बढ़े । किन्तु श्री सत्यनारायणमूर्ति अविचलित रहे और अपने आदमियों से डाकुओं पर गोली चलाने को कहा और सात डाकुओं को मार दिया । अन्य डाकू कुछ हथियार व गोला-बारूद छोड़ कर भाग गये ।

श्री यरगंति वीर वैंकट सत्यनारायणमूर्ति ने उच्च कोटि का नेतृत्व एवं साहस का प्रदर्शन किया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 27 मई, 1969 से दिया जायेगा ।

सं० 21-प्रेज़/70—राष्ट्रपति आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी के नाम तथा पद

श्री कम्बुरू सुगुनाकारा राव,
पुलिस निरीक्षक,
श्रीकाकुलम जिला,
आन्ध्र प्रदेश ।

श्रीमल्लापुरेड्डी सत्यनारायण,
पुलिस उप-निरीक्षक,
श्री काकुलम जिला,
आन्ध्र प्रदेश ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

अदिभटला कैलासम नामक व्यक्ति ने पार्वतीपूरम एजेंसी तथा अन्य तालुकों में अनेकों डकैतियां डाली थीं। 17 मार्च 1969 को पुलिस को सूचना मिली कि अदिभटला कैलासम तथा उसके गिरोह के कुछ सदस्य कालुवराजुपेटा गांव में छुपे हैं। पुलिस दल ने प्रातः लगभग 4 बजकर 30 मिनट पर गांव में छापा मारा और पशुओं के उस बाड़े को घेर लिया जिसमें डाकू छुपे हुए थे। श्री के० एस० राव ने डाकुओं से आत्मसमर्पण करने को कहा किन्तु उन्होंने कोई परवाह नहीं की। कैलासम तथा एक दूसरे डाकू ने भालों से पुलिस दल पर आक्रमण किया और उन पर गोली भी चलाई। श्री राव ने जवाब में गोली चलाई और उनमें से एक डाकू को मार गिराया। एक अन्य डाकू श्री राव की ओर लपका और उन पर आक्रमण किया। झड़प में श्री राव को सिर, छाती तथा दायें प्रबाहु में चोट आई, किन्तु वे अविचलित रहे और डाकू को टार्च मारी तथा उस पर काबू पा लिया। उन्होंने एक अन्य डाकू पर भी काबू पा लिया। उसी समय श्री एम० सत्यनारायण की अदिभटला कैलासम और दूसरे डाकू के साथ हाथापाई हुई। एक बन्दूक, कुछ देशी बम, भाले और एक चाकू कब्जे में कर लिए गये।

श्री केम्बुरू सुगुनाकारा राव तथा श्री मल्लापुरेड्डी सत्यनारायण ने असाधारण उत्साह एवं कर्त्तव्य-परायणता का प्रदर्शन किया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17 मार्च, 1969 से दिया जायेगा।

सं० 22-प्रेज/70—राष्ट्रपति मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री राजेन्द्र सिंह,
पुलिस उप-निरीक्षक,
जिला झाबुआ,
मध्य प्रदेश।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

3 सितम्बर 1969 की रात्रि को 15 बदमाशों का एक कुख्यात गिरोह पश्चिम निमाड़ जिले के एक गांव में डाका डालने के बाद एक ट्रक में वापिस आ रहा था, जो म्युनिसिपल नाके के समीप जोबाट में रुका। श्री राजेन्द्र सिंह ने जो रात्रि गश्त पर थे, जब ट्रक में बैठे हुओं को देखा तो वे उसका निरीक्षण करने के लिए आगे बढ़े। परन्तु ट्रक चल पड़ा। श्री राजेन्द्र सिंह ने ड्राइवर को रुकने के लिए कहा परन्तु उसने ट्रक को और भी तेज कर दिया। श्री राजेन्द्र सिंह को संदेह हुआ। ट्रक में बैठे हुओं की अधिक संख्या व अपने अकेले होने की परवाह किये बिना, अपने जीवन को महान् संकट में डालकर वे चलते ट्रक के अन्दर कूद गये। वहां उन्होंने अपने आपको 15 सशस्त्र डाकुओं के बीच पाया। यद्यपि वे निशस्त्र थे फिर भी वे विचलित नहीं हुये और उन्होंने ड्राइवर को गाड़ी रोकने के लिए बाध्य किया। ट्रक के धीमे होने पर डाकुओं ने निकल भागने का प्रयास किया। परन्तु श्री राजेन्द्र सिंह एक डाकू से लिपट गये। इसी बीच पुलिस कुमुक पहुंच गई। गिरोह के 3 सदस्यों को पकड़ लिया और भारी मात्रा में लूट का माल तथा बन्दूकें, तीर कमानें भी बरामद की गईं।

श्री राजेन्द्र सिंह ने पहलशक्ति तथा उच्च कोटि के साहस का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 3 सितम्बर, 1969 से दिया जायेगा।

सं० 23-प्रेज/70—राष्ट्रपति मणिपुर राइफल्स के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री शैजा रार्दिग,
सहायक कमाँडेंट, **(स्थानापन्न)**
1ली बटालियन, मणिपुर राइफल्स,
मणिपुर। **(स्वर्गीय)**
श्री गगन बहादुर,
लांस नायक,
1ली बटालियन, मणिपुर राइफल्स,
मणिपुर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

23 सितम्बर, 1969 को मणिपुर राइफल्स की एक टुकड़ी को उखरूल में कानून तथा व्यवस्था सम्बन्धी कार्यों के लिए तैनात किया गया। 24 सितम्बर, 1969 को जब यह टुकड़ी इम्फाल को वापिस आ रही थी तो लिटन गांव के समीप विद्रोहियों ने उस पर घात लगा कर आक्रमण कर दिया। यह आक्रमण इतना अचानक तथा सुसंगठित था कि 12 पुलिस कर्मचारी जो कानवाई की प्रथम कुछ गाड़ियों में यात्रा कर रहे थे, गोली लगने के कारण गम्भीर रूप से घायल हो गए। परिणाम स्वरूप सात पुलिस कर्मचारी एक सहायक कमांडेंट सहित मारे गये। घायलों में पुलिस के उप-महानिरीक्षक तथा सुरक्षा आयुक्त भी शामिल थे।

श्री रार्दिग कानवाई के पिछले भाग में थे। जब आक्रमण किया गया तो वे उससे प्रभावित हुये बिना, गोलियों की बौछार में तेजी से उस स्थान की ओर बढ़े जहां एक राइफलमैन ने 2 इंच मार्टर सहित मोर्चा जमा रखा था। उन्होंने विद्रोहियों पर फेंकने के लिए मार्टर बम तैयार किये और एक अन्य सहायक कमांडेंट के साथ मार्टर से बम बरसाये। विद्रोहियों को मार्टर गोलीबारी में उलझा कर श्री रार्दिग ने स्थिति का अनुमान लगाने तथा शत्रु की गोलाबारी में फंसे अधिकारियों व जवानों को निकालने के लिए साधन ढूंढने के लिए कानवाई के अग्रिम भाग में जाने का निश्चय किया। इस प्रकार आगे बढ़ते हुये, उन्हें एक हल्की मशीनगन की गोली लगी जिससे कुछ मिनट बाद घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गयी।

जब उपद्रवियों पर धावे का आदेश दिया गया तो आड़ से बाहर आने वालों में श्री गगन बहादुर सर्वप्रथम थे। शत्रु की भारी

गोलाबारी की परवाह किये बिना, अपनी राइफल से गोली चलाते हुये तथा अपने साथियों को अनुसरण करने के लिये कहते हुए वे तेजी से, खुले क्षेत्र से होते हुये उपद्रवियों के अग्रिम मोर्चे की ओर बढ़े। अनेकों बार शत्रु की गोलाबारी के सम्मुख आने पर भी वे जवाबी हमले का नेतृत्व करते रहे और इसमें उपद्रवी इनके सामने नहीं टिक सके।

स्वर्गीय श्री रादिंग द्वारा स्थिति के सही मूल्यांकन तथा श्री शेज़ा रादिंग और श्री गगन बहादुर दोनों के शौर्य तथा बहादुरी के कार्य का ही परिणाम था कि विद्रोही घबड़ा गए और भाग खड़े हुए।

2. ये पदक राष्ट्रपति के पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत श्री गगन बहादुर को विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 24 सितम्बर 1969 से दिया जायेगा।

सं० 24-प्रेज/70—राष्ट्रपति मणिपुर राइफल्स के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी के नाम तथा पद

श्री विटिंग मौमिन कीशिंग,
सहायक कमांडेंट,
1ली बटालियन, मणिपुर राइफल्स,
मणिपुर।

श्री जीत बहादुर,
हवलदार,
1ली बटालियन, मणिपुर राइफल्स,
मणिपुर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

23 सितम्बर 1969 को मणिपुर राइफल्स की एक टुकड़ी को उखरूल में कानून तथा व्यवस्था सम्बन्धी कार्यों के लिए तैनात किया गया। 24 सितम्बर 1969 को जब वह टुकड़ी इम्फाल को वापिस आ रही थी तो लिटन गांव के समीप विद्रोहियों ने उस पर घात लगा कर आक्रमण कर दिया। यह आक्रमण इतना अचानक तथा सुसंगठित था कि 12 पुलिस कर्मचारी जो कानवाई की प्रथम कुछ गाड़ियों में यात्रा कर रहे थे, गोली लगने के कारण गम्भीर रूप से घायल हो गए। परिणाम स्वरूप सात पुलिस कर्मचारी एक सहायक कमांडेंट सहित मारे गये। घायलों में पुलिस के उप-महानिरीक्षक तथा सुरक्षा आयुक्त भी शामिल थे।

जब विद्रोहियों ने कानवाई पर घात लगाई तब श्री कीशिंग कानवाई के पिछले भाग में थे। गाड़ी में नीचे लेटने के बजाय वे गाड़ी से बाहर निकल आए और एक हल्की मशीनगन पकड़कर विद्रोहियों पर गोली चलाना आरम्भ कर दिया। कुछ समय बाद उन्होंने सहायक कमांडेंट श्री एस० रादिंग की सहायता से 2 इंच मार्टर से बम बरसाना भी आरम्भ कर दिया। बाद में हल्की मशीनगन की गोली से गम्भीर रूप से घायल श्री रादिंग को भी, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को गम्भीर संकट में डालते हुए वे एक सुरक्षित स्थान तक उठा कर ले गए। पुनः जब उन्हें पता चला कि पुलिस कर्मचारियों पर भारी गोलाबारी हो रही है, तो वे एक जीप-गाड़ी के हुड पर खड़े हो गये और विद्रोहियों पर गोली चलाने लगे और इस प्रकार उन्होंने आक्रमण करने वाले पुलिस दल को एक अत्यन्त आवश्यक आवरण प्रदान किया।

जब लांस नायक गगन बहादुर के नेतृत्व में किया गया धावा विफल कर दिया गया था यद्यपि लांस नायक स्वयं आगे निकल गये थे, हवलदार जीत बहादुर कूद कर आगे आये और उन्होंने अपने आदमियों को प्रोत्साहित करते हुए और उन्हें खुले मैदान के बीच में से ले जाकर, उपद्रवियों के ठिकानों पर आक्रमण कर दिया।

श्री विटिंग मौमिन कीशिंग तथा श्री जीत बहादुर ने उच्च कोटि का नेतृत्व, उत्कृष्ट वीरता एवं कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

2. ये पदक राष्ट्रपति के पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं। फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत श्री जीत बहादुर को विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 24 सितम्बर 1969 से दिया जायेगा।

सं० 25-प्रेज/70—राष्ट्रपति मणिपुर पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक का बार प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री टैरेंस जॉन क्विन्न,
पुलिस उप महा-निरीक्षक,
मणिपुर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

23 सितम्बर 1969 को मणिपुर राइफल्स की एक टुकड़ी को उखरूल में कानून तथा व्यवस्था कार्यों के लिए तैनात किया गया। 24 सितम्बर 1969 को जब यह टुकड़ी इम्फाल को वापिस आ रही थी तो लिटन गांव के समीप विद्रोहियों ने उस पर घात लगाकर आक्रमण कर दिया। यह आक्रमण इतना अचानक तथा सुसंगठित था कि 12 पुलिस कर्मचारी जो कानवाई की प्रथम कुछ गाड़ियों में यात्रा कर रहे थे, गोलियों से गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिसके परिणाम स्वरूप सात पुलिस कर्मचारी एक सहायक कमांडेंट सहित मारे गये। श्री टी० जे० क्विन्न सुरक्षा आयुक्त के साथ उस समय कानवाई की तीसरी गाड़ी में यात्रा कर रहे थे। वे भी गोली से घायल हुए किन्तु वे भारी गोलाबारी के बीच गाड़ी से बाहर आए और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को गम्भीर खतरे में डालते हुए विद्रोहियों पर प्रत्याक्रमण का आयोजन करने के लिए कानवाई के पिछले भाग की ओर बढ़े। जब वे लगभग 30 से 40 गज की दूरी तय कर चुके थे तो उस गाड़ी पर, जिसके नीचे उन्होंने आड़ ले रखी थी, गोलियों की बौछार होने लगी। गाड़ी से आने वाले टुकड़ों से उनके सिर के बाएं भाग, गरदन और दाहिने कन्धे पर घाव हो गये। किन्तु श्री क्विन्न अविचलित रहे और अनेक कष्टकारी घावों के बावजूद जवाबी हमले का आयोजन करने के लिए आगे बढ़े। श्री क्विन्न की इस बहादुरी से अन्य पुलिस कर्मचारियों को प्रोत्साहन मिला और वे अपने-अपने मोर्चों से बाहर निकल आए और उन्होंने विद्रोहियों पर आक्रमण किया। तत्पश्चात् श्री क्विन्न ने सुरक्षा आयुक्त को, जो शत्रु की गोलाबारी से अपाहज हो गये थे और गाड़ी

से बाहर निकलने में असमर्थ थे, वहां से निकाला और अन्य स्थान को ले गये।

श्री टी० जे० क्विन्न द्वारा प्रदर्शित नेतृत्व एवं वीरता पुलिस दल को एक भयानक स्थिति से निकालने में सहायक सिद्ध हुई।

2. यह पदक पुलिस पदक के बार से संबंधित संविधि के छटे खंडवाक्य के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है।

व० जे० मोर, राष्ट्रपति के उपसचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 13 मई 1970

सं० 25/119/67-डी० एच० (एस०)—इस मंत्रालय की अधिसूचना सं० 25/119/67-डी० एच० (एस०), दिनांक 6 मई 1969 को अधिक्रान्त करते हुए राष्ट्रपति अपने प्रसाद से निम्नलिखित तीन अशासकीय सदस्यों को चण्डीगढ़ संघ राज्य-क्षेत्र की बाबत गृह मंत्री की सलाहकार समिति में 1-4-1969 से 2 वर्ष की कालावधि के लिए नामनिर्दिष्ट करते हैं :—

1. श्री शाम लाल गुप्ता, अध्यक्ष, राज्यक्षेत्रीय कांग्रेस (सत्ता-धारी) समिति, चण्डीगढ़।
2. श्री लछमन सिंह।
3. श्री अमर नाथ विद्यालंकार, भूतपूर्व संसद-सदस्य।

दिनांक 14 मई 1970

सं० 26/4/70-ए० एन० एल०—राष्ट्रपति, अंडमान और निकोबार द्वीप-समूह के संघ शासित क्षेत्र से सम्बन्धित गृह मंत्री की सलाहकार समिति में निम्नलिखित गैर-सरकारी सदस्यों को 31 मार्च 1971 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए सहर्ष मनोनीत करते हैं :—

1. सरदार नेहचल सिंह,
2. श्री ए० पी० अब्दुल्ला कुट्टी,
3. श्री अजित कुमार नाग,
4. श्री मधु सूदन मंडल,
5. श्री मेवा लाल,
6. बाइस कप्तान उलयन, तथा
7. श्री दाऊद।

अ० द० पांडे, संयुक्त सचिव

(प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 27 मई 1970

संकल्प

सं० 8/4/70-पी०—राष्ट्रपति, यह निर्णय करते हैं कि भारत सरकार द्वारा गृह मंत्रालय (प्रशासनिक सुधार विभाग) के तारीख 5-1-1966 के संकल्प सं० 40-3-65-ए० आर० (पी०) के अधीन स्थापित किया गया प्रशासनिक सुधार आयोग 30 जून, 1970 के अपराह्न से कार्य करना बंद कर देगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रतिलिपि भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों आदि को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प आम जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

नि० कु० मुकर्जी, अपर सचिव

स्वास्थ्य, परिवार नियोजन निर्माण, आवास और एवं नगर विकास मन्त्रालय

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 19 मई 1970

संकल्प

सं० एफ० 14-10/69-पी० एच० ई०—औद्योगीकरण और मोटर गाड़ियों की संख्या में वृद्धि होने के कारण देश में विशेषतया प्रमुख शहरों में वायु दूषण स्वास्थ्य के लिये खतरा बनाता जा रहा है। अतः वायु दूषण के नियन्त्रण के लिये कानून बनाना आवश्यक हो गया है। इस उद्देश्य के लिए भारत सरकार ने देश में वायु दूषण पर एक समिति का गठन करने का निश्चय किया है। इस समिति में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे :—

1. श्री ए० के० राय, सलाहकार (ज० स्वा० ई०), केन्द्रीय लोक स्वास्थ्य इन्जीनियरी संगठन, स्वास्थ्य परिवार नियोजन, तथा निर्माण, आवास एवं नगर विकास मन्त्रालय, (स्वास्थ्य विभाग), निर्माण भवन, नई दिल्ली।	अध्यक्ष
2. डा० एम० एन० राव, निदेशक, अखिल भारतीय स्वास्थ्य विज्ञान एवं लोक स्वास्थ्य कलकत्ता।	सदस्य
3. डा० एम० एन० गुप्ता निदेशक, व्यावसायिक स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद।	सदस्य
4. श्री वी० वी० श्रीवेकर (एस० ई०) स्वास्थ्य भौतिकी प्रभाग, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, बम्बई।	सदस्य
5. केन्द्रीय खान अनुसंधान केन्द्र धनबाद का एक प्रतिनिधि।	सदस्य
6. केन्द्रीय श्रम संस्थान, बम्बई का एक प्रतिनिधि।	सदस्य

7. श्री जे० एम० दवे, उपनिदेशक, केन्द्रीय लोक स्वास्थ्य इन्जीनियरी अनुसंधान संस्थान, नागपुर — सदस्य-सचिव

समिति के निर्देश पद इस प्रकार होंगे :—

(क) देश में वायु दूषण के बारे में पहले से उपलब्ध सामग्री को एकत्र करना और उसका समन्वय करना ।

(ख) देश में विभिन्न एजेन्सियों द्वारा वायु दूषण के बारे में पहले किये गये कार्य का अध्ययन करना ।

(ग) हवा में वायु दूषण के विभिन्न संघटकों से होने वाले दूषण की अधिकतम सह्य मात्रा के मानक निर्धारित करना ।

(घ) हवा के नमूने लेने अथा उनके विश्लेषण की विधियां तथा साधन तैयार करना ।

(ङ) वायु मण्डलीय दूषण की रोक थाम के लिए कार्य संहित और नियमावली तैयार करना ।

(च) अन्य देशों में मौजुद वायु दूषण विषयक अधिनियमों का अध्ययन करना और भारत के लिए वायु दूषण नियंत्रण का एक प्रारूप तैयार करना ।

यह समिति जब कभी आवश्यक होगा और जिन स्थानों में अध्यक्ष आवश्यक समझेगा अपनी बैठक बुलायेगी । समिति ऐसे व्यक्तियों को जिन्हें वह आवश्यक समझे सहयोजित कर सकती है ।

4. समिति अपनी रिपोर्ट छः महीने की अवधि में प्रस्तुत कर देगी ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रतिलिपि निम्नलिखित को दे दी जाए ।

(1) लोक सभा सचिवालय ।
(2) राज्य सभा सचिवालय ।
(3) प्रधान मन्त्री सचिवालय ।
(4) मंत्रीमण्डल सचिवालय ।
(5) योजना आयोग ।
(6) राष्ट्रपति के निजी तथा सैनिक सचिव ।
(7) भारत के नियन्त्रक तथा महालेखा परीक्षक ।
(8) भारत सरकार के समस्त मन्त्रालय तथा विभाग ।
(9) समस्त राज्य सरकारों/संघीय क्षेत्र ।
(10) महा लेखाकार, केन्द्रीय राजस्व, नई दिल्ली ।
(11) परमाणु कार्य विभाग ।
(12) भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ।
(13) वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ।
(14) केन्द्रीय लोक स्वास्थ्य इन्जीनियरी अनुसंधान संस्थान, नागपुर ।
(15) भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, बम्बई
(16) व्यावसायिक स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद ।
(17) केन्द्रीय श्रम संस्थान, बम्बई ।
(18) केन्द्रीय खान अनुसंधान केन्द्र, धनबाद ।
(19) अखिल भारतीय स्वास्थ्य विज्ञान तथा लोक स्वास्थ्य, कलकत्ता ।
(20) केन्द्रीय लोक स्वास्थ्य इन्जीनियरी संगठन; और
(21) स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक, नई दिल्ली ।

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाये ।

अभिय भूषण मलिक, संयुक्त सचिव

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक मई 1970

सं० एफ० 1-18/68-वाई० एस०-1-(2)—शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय की अधिसूचना सं एफ० 1-18/68-वाई० एस०-2 दिनांक 2 मार्च 1970 के क्रम में डा० पी० के० केलकर के स्थान पर,

श्री सूरज भान,
अध्यक्ष, अन्तर-विश्वविद्यालय क्रीड़ा मंडल
तथा कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय,
चण्डीगढ़-1

को अखिल भारतीय क्रीड़ा परिषद् के सदस्य के रूप में नामित किया गया है ।

उपरोक्त नामांकन 13 नवम्बर 1970 से किया गया है ।

रोशन लाल आनन्द, अवर सचिव

नई दिल्ली-1, दिनांक 20 मई 1070

सं० 16/36-69-एस०-1—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, भारत सरकार के भूतपूर्व वैज्ञानिक अनुसंधान और सांस्कृतिक कार्य मंत्रालय की अधिसूचना सं 16-19/60-एस०, दिनांक प्रथम जुलाई 1960 के साथ प्रकाशित भारतीय-सर्वेक्षण वर्ग 1 (भर्ती नियम) में और आगे संशोधन करने के लिए, एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) यह नियम भारतीय-सर्वेक्षण वर्ग 1 भर्ती (संशोधन) नियम, 1970 कहे जा सकेंगे ।

(2) ये शासकीय राजपत्र में अपने प्रकाशन की दिनांक को प्रवृत्त हो जाएंगे ।

2. भारतीय-सर्वेक्षण वर्ग 1 (भर्ती नियम) में,—

(क) नियम 1 में "वर्ग 1 (भर्ती नियम)" शब्दों, अंकों और कोष्ठकों के स्थान पर "वर्ग 1 भर्ती नियम, 1960" शब्द, अंक और कोष्ठक प्रतिस्थापित किये जाएंगे,

(ख) परिशिष्ट 1 में, पैरा 2 में, उप-पैरा (1) और उप-पैरा (2) के स्थान पर क्रमश: निम्नलिखित प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्—

(1) इंजीनियर अधिकारियों के कोर और सीधे भर्ती किए जाने वाले सिविलियनों, जिनके अन्तर्गत गणित-परामर्शदाता और ज्येष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी भी आते हैं, की प्रोन्नति के प्रयोजन के लिए अधीक्षक-सर्वेक्षक के पद "अप्रवरण" पद माने जाएंगे और अधिष्ठायी प्रोन्नति इन प्रवर्गों के अधिकारियों की ज्येष्ठता सह योग्यता के आधार पर की जाएगी ।

(2) किसी उप-अधीक्षक-सर्वेक्षक या गनित परामर्श-दाता या ज्येष्ठ वैतानिक अधिकारी की अधीक्षक-सर्वेक्षक की श्रेणी में अधिष्ठायी प्रोन्नति के के लिए तब तक विचार नहीं किया जाएगा जब तक कि उसने अपनी-अपनी श्रेणियों में या किसी अन्य समतुल्य सेवा में पांच वर्ष सेवा न की हो ।"

एस० के० सान्याल, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 20 मई 1970

सं० एफ०-14(3)/69-एस० आर०-1—राष्ट्रपति भारत के राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम के संगम की नियमावली के नियम 89 के अन्तर्गत तत्काल से 31 जुलाई 1971 तक के लिए निम्नलिखित को निगम के निदेशक मंडल पर निदेशक सहर्ष नियुक्त करते हैं :—

1. श्री एल० एस० चन्द्रकान्त,
संयुक्त शिक्षा सलाहकार,
शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

2. श्री एस० आर० मेहता,
संयुक्त सचिव,
वित्त मंत्रालय, (व्यय विभाग),
नई दिल्ली ।

3. श्री आर० वी० रमानी,
निदेशक,
मेटुर केमिकल्स एण्ड इन्डस्ट्रियल कार्पोरेशन,
मेट्ट रडम, मद्रास ।

बी० एन० भारद्वाज, उप-सचिव

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 22 मई 1970

संकल्प

सं० 22(258)/69-पी० आर० एन० पी०—अखबारी कागज सलाहकार समिति, जो जनवरी 1968 में सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के संकल्प सं० 22 (201)/66-पी० आर० एन० पी० सी०-2, दिनांक 19 जनवरी 1968 के द्वारा पुनर्गठित की गई थी, के गैर-सरकारी सदस्यों का कार्यकाल 18 जनवरी 1970 से एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है ।

2. उपर्युक्त संकल्प में अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के बारे में जो वर्तमान उपबन्ध है उसके स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए :—

अध्यक्ष : सूचना तथा प्रसारण और संचार मंत्री

उपाध्यक्ष : सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री

आदेश

आदेश दिया जाता है कि सर्व साधारण की सूचनार्थ इस संकल्प की एक प्रति भारत के राजपत्र में प्रकाशित की जाए ।

एस० के० घोष, संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 29th May 1970

No. 19-*Pres.*/70.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Andhra Pradesh Police :—

Name of the officer and rank.

Shri Lanka Jaganna Patrudu,
Inspector of Police,
Sompeta, Srikakulam District,
Andhra Pradesh.

Statement of services for which the decoration has been awarded.

